## प्रेस नोट

दिनांक 23.09.2025

**मिशन शक्ति केन्द्र थाना दोहरीघाट द्वारा आपरेशन मुस्कान के माध्यम से 03 भटकी हुई नबालिक बच्चियों को उनके परिजनों से मिलाया गया -**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के नेतृत्व मे चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र थाना दोहरीघाट पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23.09.2025 को रात्रि में गस्त के दौरान कस्बा दोहरीघाट में पुलिस बूथ के पास 03 नाबालिक बच्चियाँ संदिग्ध हालात में इधऱ उधर भटकती हुई मिली। पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बच्चियों से नाम पता पूछा गया पूछने पर उन्होने बताया कि वे अपने अपने घरों से नाराज होकर कही जाने के लिए दोहरीघाट में साधन की तलास कर रही थी। मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम व प्रभारी निरीक्षक दोहरीघाट के साथ मिलकर बच्चियो के परिजनों के नाम/पता उ0 प्र0 पुलिस द्वारा विकसित किये गये सी प्लान ऐप के माध्यम से प्राप्त कर परिजनों को थाने पर बुलाकर उन्हे हिदायत देकर आपरेशन मुस्कान के माध्यम से उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये आदेशो व निर्देशो का पालन कराते हुए तीनो भटकी हुई बच्चियों को उनके परिजन से मिलाते हुए उन्हे सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस कार्यवाही से परिजन बहुत खुश थे। वे बार-बार धन्यवाद दे रहे थे।

**बच्चियों के नाम/पता -**

1.प्रीती पुत्री श्रवण निवासी मादी सिपाह थाना दोहरीघाट जनपद मऊ।

2.रानी पुत्री हरीशचन्द्र निवासी मादी सिपाह थाना दोहरीघाट जनपद मऊ।

3.ज्योति खरवार पुत्री बबलू खरवार निवासी मर्धवा थाना पिपरी जनपद सोनभद्र।